Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

an>

Title : Need to open branch of a Nationalised Bank in Mehrauna, Salempur, Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से माननीय सदन को सूचित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर अंतर्गत घाघरा नदी एवं गंडक नदी के बीच लार विकास खंड के अंतर्गत मेहरौना शहर बिहार की सीमा से सटा हुआ है। इस मेहरौना शहर में एक भी सरकारी बैंक नहीं है जिसके कारण यहां के लोग बैंकिंग सुविधा से पूरी तरह से वंचित हैं। यहां के अधिकांश लोग विदेशों में कार्यरत हैं और आये दिन अपने परिवार को ड्राफ्ट इत्यादि भेजते रहते हैं परन्तु बैंकों के अभाव में यहां के लोगों को मुद्रा एक्सचेंज में कई कठिनाइयां आ रही हैं और इस कार्य कगे लिए कई किलोमीटर जाना पड़ता है और धनराशि लेकर कई जोखिम उठाने पडते हैं। बैंको के अभाव में यहां के किसान नि वेश नहीं कर पा रहे हैं और न ही बैंकों की कोई सुविधा एवं लाभ ले पा रहे हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर अंतर्गत लार विकास खंड के मेहरौना शहर में एक सरकारी बैंक लोकहित में तत्काल खोजा जाये।